# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

## Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS) के अन्तर्गत U.G (Regular) सत्र 2026–30 में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए दिशा–निर्देश ।

**U.G. (Regular)** सत्र 2026–30 के लिए **Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS)** के अन्तर्गत पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के सभी कोटि के महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए निर्देश तय किये गये हैं, जो निम्नवत हैं:–

(1) **Online Application form fill** करते समय विद्यार्थियों के द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना अनिवार्य है।

विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना **Login ID** एवं **password** जनेरेट करेंगे। उसके उपरांत **Online Application** भरते समय अपनी सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक सही–सही अंकित करेगें।

(क) समर्थ पोटर्ल पर आवेदन की प्रक्रिया– **Step-I (Profile Creation)**

(i) सही नाम **email ID**, जन्मतिथि, मोबाईल नं0 के साथ अपना **User ID** बनायें।

(ii) **User Id** एवं **password** से अपना **Login** करें।

(iii) **Login** करने के पश्चात अपना **Personal detail, Family detail, Address, Quota, AAPAR ID, AADHAR No.** अंकित करते हुए **Save & Next** करें। (विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय **ID Proof** में अपना 12 अंकों का आधार संख्या अंकित करें अन्यथा आधार संख्या सही नहीं रहने पर भविष्य में उन्हें डिग्री लेने में परेशानी हो सकती है)

(ग) आवेदन करते समय अपने **Profile** में निम्नांकित **Document upload** करें।

(i) फोटो– जिसमें **Face 80% visible** हो **(10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(ii) **Signature (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(iii) **Domicile certificate (if applicable) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(iv) जाति प्रमाण पत्र **(If applicable) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(v) **Quota (If applicable) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(vi) **ID Prof (AADHAR Card only) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format only.**

(वर्णित बिन्दुओं को पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी ये अवश्य सुनिश्चित करे लें कि उनके द्वारा अंकित की गयी सभी जानकारी सही है। एक बार **Profile Submit** होने के पश्चात उन्हें सुधार का मौका नही दिया जाएगा।

(घ) **Step-II (Programme Selection)**

(i) **Apply for Programme** के बटन पर **Clek,** करने के पश्चात अपने शैक्षणिक योग्यता के अनुसार 01 (एक) विषय का चयन करते हुए किसी भी कोटि के 10 (दस) महाविद्यालयों का चयन प्राथमिकता के क्रम में करेंगे। यदि मेधा सूची में आपका नाम प्रकाशित होता है तो जिन 10 (दस) महाविद्यालयों एवं विषय में आपने नामांकन का विकल्प दिया है उसी में से आपको मेधा के अनुसार महाविद्यालय आवंटित होगा है। विश्वविद्यालय अपने स्तर से आपके दिए गए महाविद्यालयों क विकल्प के अतिरिक्त कोई महाविद्यालय नामांकन के लिए आवंटित नही करता है।

(ii) मैट्रिक का प्राप्तांक, कुल अंक, उत्तीर्णता वर्ष बोर्ड एवं विषय को ध्यानपूर्वक भरें। (**10th** का **Marksheet** या **Certificate pdf format** में ही **upload** करें)

(iii) इन्टरमीडिएट / समकक्ष (+2) के 05 (पाँच) विषय के ही अंक को अंकित करेगें। विद्यार्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे केवल 05 (पाँच) विषय का नाम और अंक अंकित करें। किसी भी अतिरिक्त विषय एवं उसके अंक को न लिखे। (**12th** का **Marksheet** या **Certificate pdf format** में ही **upload** करें)

(ङ.) **Step-III (Fee Payment)**

(i) विधार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे केवल उसी विषय का शुल्क जमा करें जिस विषय मे वे नामांकन चाहतें है। शुल्क भुगतान का मौका केवल एक बार ही दिया जाएगा।

(ii) शुल्क भुगतान करने के उपरान्त विद्यार्थी अपने भरे हुए आवेदन की प्रति को **Download** करके अपने पास रख लें। साथ ही उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपना पंजीकृत **email ID** एवं **Password** को सुरक्षित रखें।

(च) विद्यार्थी **Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS)** में नामांकन हेतु आवेदन फॉर्म में **Major Course** में उसी विषय का चुनाव करेंगे जिसमें वे **B.A/B.Sc./B.Com** करना चाहतें है।

(छ) विद्यार्थी **MJC subject** का चयन करने हेतु अधिकतम 01 विषय **(Sujects)** का विकल्प **(option)** दे सकते हैं।

(i) +2 विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय मे से किन्हीं 01 **Major** विषय का चयन कर सकते हैं।

(ii) +2 वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – वाणिज्य एवं कला संकाय मे से किन्हीं 01 **Major** विषय का चयन कर सकते हैं।

(iii) +2 कला संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – केवल कला संकाय मे से किन्हीं 01 **Major** विषय का चयन कर सकते हैं।

(iv) +2 समकक्ष से उत्तीर्ण विद्यार्थी – विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय मे से किन्हीं 01 **Major** विषय का चयन कर सकते हैं, परन्तु **ITI** से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

(2) <u>आरक्षण का लाभः</u>– यदि कोई विद्यार्थी बिहार सरकार के द्वारा प्रदत्त आरक्षण के श्रेणी में आता है या उसका लाभ लेना चाहता है तो वह अपनी जाति के अनुसार आरक्षण की श्रेणी यथा– **BC-I, BC-II, EWS, SC,ST** में से सही श्रेणी का चयन करके **Online** नामांकन फार्म में प्रविष्टि करेंगे। यदि किसी भी कारण से आपने अपनी जाति का गलत श्रेणी में आरक्षण विकल्प का चयन कर

लिया है तो ऐसी स्थिति में आपका नामांकन रद्द हो जाएगा। आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार से निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही होगा।

(3) <u>मेधा सूची का निर्धारणः</u>– मेधा सूची का निर्धारण **MJC** विषय के लिए +2 परीक्षा के कुल 500 प्राप्तांक का आधार, महाविद्यालय का विकल्प एवं आरक्षण की श्रेणी मे उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। यह मेधा सूची **Software Generated** होता है।

(4) **<u>Slide Up:-</u>** छात्र अगर अपने चयनित महाविद्यालय **(Allotted college)** से संतुष्ट नही हैं तो वे अगले मेधा सूची में जाने हेतु **<u>Slide Up</u>** का विकल्प चुनेंगें। यदि विद्यार्थी **<u>Slide Up</u>** का विकल्प नही देंगें तो उन्हें अगले मेधा सूची में शामिल नही किया जायेगा। **<u>Slide Up</u>** की सुविधा दो बार दी जाएगी। यदि छात्र को प्रथम वरीयता **(first option)** का कॉलेज मिल गया है तो उन्हें **<u>Slide Up</u>** की सुविधा नही दी जाएगी और नामांकन न लेने पर वैसे छात्र को अगले मेधा सूची मे शामिल नही किया जाएगा।

(5) कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकनः– कोटा सीट यथा–

**(a) <u>NRI/Ward</u>- Ward** के लिए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का स्थाई कर्मी (शिक्षक/शिक्षकेत्तर) का पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

**(b) <u>Donar-</u>** केवल डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों के **Donar** का पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

**(c) <u>Sports</u>-** के लिए **National/State** एव **District level Championship** के लिए चयनित होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**(d) <u>Fine Arts</u>-** के लिए **National/State** एवं **District level Championship** के लिए चयनित होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**(e) <u>NCC/NSS</u>-** के लिए **NCC** का **B** अथवा **C** का प्रमाण पत्र होना चाहिए। **NSS** के लिए **National Camp** में **participation** का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**(f) <u>Ward of Army/Ex-Army-</u>** के लिए उनका पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

**<u>NOTE:-</u>** कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी को उससे संबंधित प्रमाण पत्र **(Certificate)** की प्रति **Online** नामांकन फार्म में **upload** करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका दावा मान्य नही होगा। सही प्रमाण पत्र के नही रहने पर नामांकन नहीं होगा।

(6) विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में नामांकन के समय निम्नांकित सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ–साथ उसकी एक छायाप्रति ले जाना अनिवार्य है।

- **(a)** **$10^{th}$ Marksheet/Certificate (for age verification)**
- **(b)** **$12^{th}$ Marksheet for verification**
- **(c)** **CLC/Migration original**
- **(d)** **Caste certificate (If applicable)**
- **(e)** **E.W.S certificate (If applicable)**
- **(f)** **Handicapped (If applicable)**
- **(g)** **Ward/NCC/NSS/Cultural/Ward of Army/Ex-Army (If applicable as per requirement)**

19/05/26

D.S.W.
Patliputra University
Patna